सं०सं०–1/श्रम वि०स्था०(1)10–27/2013....................../श्र०सं०

**बिहार सरकार,**

**श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग**

**प्रेषक,**

**सत्येन्द्र प्रसाद,**
विशेष कार्य पदाधिकारी।

**सेवा में,**

**श्रमायुक्त**
बिहार, पटना।

पटना–01, दिनांक–

विषय :– **बिहार श्रम सेवा (सामान्य) के पदाधिकारियों की औपबंधिक फोटोयुक्त असैनिक वरीयता सूची वर्ष, 2026 के प्रकाशन के सम्बन्ध में।**

**प्रसंग :– विभागीय पत्रांक 223 दिनांक 28.01.2026।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में करना है कि प्रासंगिक पत्र द्वारा श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग, बिहार, पटना के नियंत्रणाधीन बिहार श्रम सेवा (सामान्य) के कार्यरत पदाधिकारियों की औपबंधिक फोटोयुक्त असैनिक वरीयता सूची वर्ष, 2026 का प्रकाशन किये जाने हेतु विहित प्रपत्र में वांछित सूचना की माँग की गयी थी, जो अबतक अप्राप्त है।

अतः अनुरोध है कि औपबंधिक फोटोयुक्त असैनिक वरीयता सूची प्रकाशित करने हेतु बिहार श्रम सेवा (सामान्य) के पदाधिकारियों से वांछित सूचना विहित प्रपत्र में एक सप्ताह के भीतर उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन,

ह०/
( सत्येन्द्र प्रसाद )
विशेष कार्य पदाधिकारी

ज्ञापांक–1/श्रम वि०स्था०(1)10–27/2013....665..../श्र०सं० पटना–01, दिनांक–13/3/26

**प्रतिलिपि :** बिहार श्रम सेवा (सामान्य) के सभी पदाधिकारियों को/आई०टी० प्रबंधक, श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग, बिहार, पटना (विभागीय वेबसाईट पर प्रकाशनार्थ) को अनुलग्नक सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

13/3/26

विशेष कार्य पदाधिकारी

# बिहार श्रम सेवा (सामान्य) के पदाधिकारियों की औपबंधिक फोटोयुक्त असैनिक वरीयता सूची वर्ष, 2026 के निर्माण हेतु अपेक्षित सूचना

(1) पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम :–

हाल का खिंचा हुआ पासपोर्ट साइज का अभिप्रमाणित फोटो चिपकायें।
(दो समान अतिरिक्त फोटो बिना अभिप्रमाणित संलग्न करें)

(2) जन्मतिथि एवं सेवानिवृत्ति की तिथिः–

(3) वर्तमान पदस्थापन कार्यालय का नामः–

(4) पूर्व में प्रकाशित अंतिम वरीयता सूची में क्रमांकः–

(5) शैक्षणिक योग्यता एवं यदि कोई विशेष योग्यता हो, तो उसका भी उल्लेख करें :–

(6) नियुक्ति का स्त्रोत (विज्ञापन संख्या सहित):–

(7) नियुक्ति आदेश संख्या/तिथिः–

(8) सेवा में योगदान की तिथि/संपुष्टि की तिथि :–

(9) ई–मेल आई०डी०:–

(10) मोबाईल नं०:–

(11) आरक्षण कोटि/आयोग द्वारा अनुशंसित आरक्षण कोटिः–

(12) स्थायी पताः–
(गृह जिला सहित)

(13) वर्तमान पताः–

नियंत्री पदाधिकारी का प्रतिहस्ताक्षर एवं मोहर
(कार्यालय का नाम सहित)

संबंधित पदाधिकारी का हस्ताक्षर एवं तिथि